केस स्टडी- 12/2024

जारी तिथि : 10.04.2024

SPAD

घटनाक्रम:- दिनांक 08.04.2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के बिलासपुर मण्डल में सेक्शन: दाघोरा (DAO) - हिमगिर (HGR), ट्रेन क्र. 12809, लोको क्र. 37291/TATA, लोड: 22 बोगी, के साथ कार्य करते समय कर्मीदल ने हिमगिर स्टेशन का मेन लाइन इनर डिसटेंट सिग्नल एक पीला की स्थिति में पार किया । 3rd लाइन से डाउन दिशा में जाने वाली लॉन्ग हॉल ट्रेन क्र. N/SNFC & BCN/SGTY गाड़ी के लिए होम सिग्नल हरा दिया हुआ था । ALP ने लॉन्ग हॉल ट्रेन के होम सिग्नल को देखकर सिग्नल कॉल आउट किया - **"होम सिग्नल ग्रीन ऑन अप्रोच"**। जब कर्मीदल सिग्नल के नजदीक पहुँचा तो उन्हें **देखा** कि अपने लाइन का होम सिग्नल लाल है, कर्मीदल ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाया, परंतु गाड़ी **होम सिग्नल को ऑन स्थिति** मे पार करके **492 मिटर** बाद रुकी । **(समय:22.20 बजे)**

संभावित कारण:-

- लोको पायलट द्वारा ALP द्वारा **"होम सिग्नल ग्रीन ऑन अप्रोच"** सिग्नल कॉल आउट करने पर स्वयं से सुनिश्चित किए बगैर गाड़ी की गति बढ़ा देना
- लोको पायलट को हिमगिर स्टेशन का मेन लाइन इनर डिसटेंट सिग्नल एक पीला मिलने पर अगला सिग्नल लाल ही होगा, इसका पालन न करते हुए गाड़ी की बढ़ा देना ।
- कर्मीदल द्वारा अपने लाइन का होम सिग्नल के संकेत को देखने में विफल रहना ।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ रोड लर्निंग **सही प्रकार** से लें ।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर **अगला सिग्नल लाल** ही होगा, यह मानकर गाड़ी को कंट्रोल करें ।
- ✓ एक पीला सिग्नल पार करने के बाद, ALP द्वारा लाल सिग्नल के अलावा अन्य संकेत कॉल आउट करने पर LP को **गाड़ी की गति तब तक नहीं बढ़ानी चाहिए जब तक वह स्वयं भौतिक रूप से सत्यापित** नहीं कर लें ।
- ✓ लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ **हाथ के इशारे से सिग्नल को ज़ोर से पुकारें ।**
- ✓ गाड़ी संचलन के दौरान **अन्य किसी कार्य में व्यस्त ना हो एवं पूरा ध्यान सिग्नल संकेत** पर रखें।
- ✓ कार्य के दौरान गाड़ी कण्ट्रोल करने में **अति आत्मविश्वास ही SPAD का कारण** बनता है ।
- ✓ ALP को LP की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए व किसी भी खतरे की स्थिति को भांपते हुए तुरंत **RS वाल्व खोल** देना चाहिए।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।